# विवादास्पद सिंहस्थ लैंड पूलिंग योजना निरस्त

## किसान संघ, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और उज्जैन जिला प्रशासन के साथ सीएम ने की बैठक, देर रात सीएम हाउस में बनी सहमति

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन सिंहस्थ लैंड पूलिंग योजना को देर रात निरस्त कर दिया है. अब सिंहस्थ के लिये किसानों से स्थायी रूप से जमीन नहीं ली जाएगी. किसान पहले की तरह ही अपनी जमीन का उपयोग कर सकेंगे.**

सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर किसान संघ, भाजपा पदाधिकारी, उज्जैन के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन उज्जैन के साथ बैठक कर सिंहस्थ के आयोजन को लेकर समग्र रूप से चर्चा की. बैठक में सिंहस्थ का आयोजन दिव्य, भव्य और विश्व स्तरीय करने के लिये हर संभव प्रयास करने पर सहमति बनी, जिसमें साधु-संतों, किसानो के हितों का व्यापक रूप से ध्यान रखा जायेगा. चर्चा के बाद सिंहस्थ लैंड पूलिंग को निरस्त करने का निर्णय लिया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरीय प्रशासन विकास विभाग और जिला प्रशासन को आदेश जारी करने के निर्देश दिये.



### बिहार की जीत चलते चुनाव में छुट्टी मनाने वालों के लिए सबक : सीएम

ग्वालियर. ग्वालियर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यहां एयरपोर्ट पर प्रेस के सवालों के जवाब देते हुए बिहार जीत पर कहा कि यह कुशल नेतृत्व की जीत है. बिहार चुनाव में जीत, चलते चुनाव में छुट्टी पर चले जाने वालों के लिए सबक है. सीएम डॉ यादव ने पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य की बेटी प्रियंका के विवाह आयोजन में पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद भी दिया. इससे पूर्व एयरपोर्ट पर सीएम डॉ मोहन यादव ने प्रेस से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री ने जब से 2014 के बाद एनडीए के नायक के रूप में कमान संभाली है, इसके बाद हमने सबने देखा है कि देश में किस तरह से सुशासन के मापदंड स्थापित हो रहे हैं. बिहार चुनाव में कहीं भी उपद्रव, हिंसा नहीं हुई. कहीं बूथ कैप्चरिंग नहीं हुई. साथ ही सीएम ने सीएम नीतीश कुमार को भी बधाई दी. सोमवार को सीएम का विमानतल पर आगमन हुआ. मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकों ने स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा. एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल दीनदयाल नगर तक पुलिस के जवान तैनात रहे. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीएम एयरपोर्ट से विवाह स्थल तक पहुंचे, लेकिन उससे पहले एयरपोर्ट पर वह मीडिया से रूबरू हुए. सीएम ने कहा कि एनडीए ने गैर कांग्रेसी पूर्ण बहुमत की सरकार तीन बार बनाई है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हम धीरे-धीरे कई प्रदेश में आगे बढ़ रहे हैं. यह लोकतंत्र की खूबसूरती का समय है, जब दुनिया हमारी तरफ देख रही है. प्रधानमंत्री की विजय यात्रा आगे बढ़ रही है. प्रधानमंत्री सिर्फ कहते नहीं है कि सबका साथ सबका विकास बल्कि सब विकास समानता के लिए, जातिवाद के लिए सबके विकास को साथ लेकर चल रहे हैं. बिहार जीत में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष व नीतीश कुमार को बधाई देता हूं.

# निर्माणाधीन कामों को जल्द से जल्द पूरा करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- पीएचई मंत्री होंगी संचालक मंडल की निदेशक
- मप्र जल निगम के संचालक मंडल की बैठक हुई

**भोपाल, 17 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल निगम अपनी गतिविधियों में तेजी लाए एवं निर्माणाधीन कामों को जल्द से जल्द पूरा करें.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में म.प्र. जल निगम के संचालक मंडल की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया. बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके भी उपस्थित थीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएचई मंत्री उइके को म.प्र. जल निगम की महिला निदेशक के रूप में नियुक्ति प्रस्ताव का अनुमोदन किया. मुख्यमंत्री ने कैप्टिव मोड के अंतर्गत 100 मेगावॉट ग्रिड-माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक विद्युत परियोजना विकसित करने गठित प्रोजेक्ट कंपनी में मध्यप्रदेश जल निगम का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रबंध संचालक को अधिकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी. जल निगम के अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह परियोजना मंदसौर जिले में करीब 315 एकड़ रकबे में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अधीन स्थापित की जा रही है. विद्युत विकसित करने के लिए गठित प्रोजेक्ट कंपनी में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा 26 प्रतिशत इक्विटी शेयर रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी.

# कलेक्टर ने प्रभारी डीईओ को पद से हटाया

**दतिया में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**



**दतिया, 17 नवंबर. जिला दतिया में शिक्षा प्रशासन की कार्यप्रणाली में लगातार मिल रही शिकायतों और गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने आज एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी यू.एन. मिश्रा को उनके पद से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है.**

काफी समय से पेंशन, पदोन्नति, क्रमोन्नति तथा अन्य शिक्षकीय प्रकरणों के निराकरण में अत्यधिक विलंब और लापरवाही देखी जा रही थी. बड़ी संख्या में कर्मचारी बार-बार जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज करा रहे थे. इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता (क्रिकेट अंडर-19) के दौरान कुप्रबंधन, समन्वयहीनता और अव्यवस्था पाई गई.

**नई पदस्थापना**

इन सभी तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मिश्रा को पद से मुक्त कर दिया है और उनके स्थान पर श्रीमती सुनीता शुक्ला, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतिया को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यभार तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है. कलेक्टर वानखड़े ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन, कार्यकुशलता और जवाबदेही से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा. सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण और विभागीय सुधार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## राज्य स्तरीय नशामुक्ति कार्यक्रम में मंत्री कुशवाह होंगे शामिल

**भोपाल 17 नवंबर.** भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर मुख्य कार्यक्रम अमृतसर (पंजाब) में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे. इसी क्रम में राज्य स्तरीय नशामुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नारायण सिंह कुशवाहा होंगे.

# ओंकारेश्वर में लोगों के घर-दुकान हटाने को लेकर रोष

- ऑटो, होटल, धर्मशाला, भोजनालय सब बंद
- देशभर से आए तीर्थयात्री परेशान हुए

**खंडवा, 17 नवंबर. तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में भगवान शंकर का तीसरा-नेत्र खुलने जैसे हालात बन गए हैं. यहां के रहवासियों ने आंखें खोल ली हैं.**

राज्य सरकार के ममलेश्वर लोक निर्माण में लोगों के घर और दुकान हटाने को लेकर बड़ा आक्रोश दिखा. पूरा क्षेत्र बंद रहा. श्रद्धालु पहुंचे, लेकिन उन्हें चाय-पानी से लेकर होटल और गेस्ट-हाउस तक बंद मिले. ऐसे हालात ओंकारेश्वर में कभी नहीं दिखे.

प्रशासन भी अंदरूनी तौर पर परेशान नजर आया. वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधि बगलें झांकते हुए दिखे. इन्हें आने वाले चुनाव में भी वोट चाहिए, इसलिए वे ढुलमुल बातें कर रहे हैं. जबकि सरकार के इशारे पर प्रशासन अंदरुनी काम कर रहा है. मसला लगभग दो से ढाई हजार करोड रुपए के बजट में ममलेश्वर लोक निर्माण का है. सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द इसका काम शुरू हो जाए. सिंहस्थ के पहले तक ओंकारेश्वर को श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत किया जाए. हालत तो यह हैं कि ओंकारेश्वर संवेदनशीलता का सूचकांक है. यहां हर क्षेत्र से लोग पहुंचते हैं. उन्हें जब यहां के हालात दिखे, तो देशभर में इसकी चर्चा बदनामी के तौर पर फैल गई.

**विधायक पटेल ने साधी चुप्पी:** विधायक नारायण पटेल भी इस मसले पर कम ही बोल रहे हैं, लेकिन उनका साफ कहना है कि रहवासियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा. कुछ समाधान हम निकाल लेंगे. असल में देखा जाए तो प्रशासन की कार्रवाई कम ही नहीं रही है. मतलब इन जनप्रतिनिधियों से भी ऊपर सरकार का दबाव बढ़ गया है. ऐसे हालत में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और मांधाता से चुनाव लड़ने वाले उत्तमपाल सिंह पुरानी धरने पर बैठे लोगों के बीच पहुंचे.

### रॉबर्ट वाड्रा भी पहुंचे ओंकारेश्वर

रॉबर्ट वाड्रा भी ओंकारेश्वर पहुंचे. उन्होंने ओंकारेश्वर के दर्शन किए. नर्मदाजी की आराधना की. उन्हें कांग्रेसियों ने सहूलियतें मुहैया करा दीं, लेकिन वे भी ऐसे हालात देखकर सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाने लगे. बिहार में कांग्रेस की हार पर वाड्रा ने कहा कि लोकतंत्र के लिए जिस तरह से सट्टा वालों ने चुनाव लड़ा, ठीक नहीं है. 10-10 हजार खातों में चुनाव के समय देकर वोट खरीदने से लोकतंत्र कहां बचेगा?

## एक नजर में



### ट्रक से बचने पुल से 20 फीट नीचे गिरी कार

**मंडला, 17 नवंबर.** छत्तीसगढ़ से जबलपुर की तरफ गमी में जा रहे कार सवार हादसे का शिकार हो गए. कार में चार लोग सवार थे. हालाकि कार सवार सभी लोगों को इस हादसे में गंभीर चोट नहीं है, हादसे में सभी लोगों को मामूली चोटे लगी है. हादसे की सूचना बीजाडांडी पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पुल से नीचे गिरी कार के सवारों को ऊपर लगाया गया. जहां उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया. जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ से जबलपुर की तरफ जा रही एसयूवी कार क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 1600 बीजाडांडी थाना क्षेत्र के खूटा पड़ाव और धनवाही के बीच बनी पुलिया से करीब 20 फिट नीचे गिर गई. हादसे रविवार सोमवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे हुआ, जब जबलपुर की तरफ एक तेज रफ्तार ट्रक मंडला की तरफ जा रहा था, वहीं कार सवार छत्तीसगढ़ से मंडला होते हुए जबलपुर की तरफ किसी परिचित के गमी में जा रहे थे.

### रंजीत मिष्ठान पर श्रम अमले का छापा

**सिंगरौली 17 नवम्बर.** नवानगर-अमलोरी मोड़ पर स्थित रंजीत मिष्ठान भण्डार में आज दिन सोमवार को श्रम विभाग ने छापामार कार्रवाई करते हुये एक बालश्रम बालक को बरामद किया है. यह कार्रवाई कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश एवं श्रम पदाधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया है. दरअसल कलेक्टर गौरव बैनल का सख्त निर्देश है कि श्रम विभाग भी होटलो एंव अन्य प्रतिष्ठानों की जांच करें. जांच के दौरान बालश्रम नियोजित पाये जाने पर संबंधित संस्थान के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराएं. कलेक्टर के उक्त निर्देश के बाद श्रम निरीक्षक राहुल प्रधान ने आज अमलोरी-नवानगर मोड़ पर स्थित रंजीत मिष्ठान भण्डार में दबिश दिया. जहां मिष्ठान भण्डार में एक बाल श्रम कार्य करते पाया गया.

### 10 किलो गांजा के साथ एक को दबोचा

**सिंगरौली, 17 नवंबर.** निवास चौकी पुलिस ने हर्री रेलवे पुल के पास घेराबंदी करते हुये एक प्रौड़ व्यक्ति के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने गांजा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह बघेल को मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि हर्री रेलवे पुल के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है. एसपी एवं एसडीओपी को अवगत कराते हुये चौकी प्रभारी ने टीम के साथ स्थल पहुंच घेराबंदी करते हुये रामसम्राट साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 43 वर्ष निवासी बंजारी को हिरासत में लेकर तलासी ली गई. जहां आरोपी के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद हुआ.

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**शिवपुरी.** जिले के पोहरी थाना क्षेत्र में बैराड़-पोहरी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. इस भीषण हादसे में जाखनोद गांव के 25 वर्षीय युवक विक्रम यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए शिवपुरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.मृतक विक्रम यादव पुत्र रामकरण यादव बैराड़ स्थित एक वेयरहाउस में काम करता था. वह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से जाखनोद स्थित अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान, बेहटा बेहटी गांव के पास सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई.

# फर्जी अपहरण कांड में पुलिस ने लगा दिया खात्मा

- झूठी पटकथा रचने वालों पर कब दर्ज होगी एफआईआर

**जबलपुर, 17 नवंबर. बरेला थाना क्षेत्र में 23 सितम्बर को बम्हनौदा निवासी युवक ने पिता को रिटायरमेंट में मिले रूपये हड़पने के लालच में षडयंत्र रचते हुए दोस्तों के साथ मिलकर स्वयं का अपहरण करवा चार लाख की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने खात्मा लगा दिया है.**

साथ ही अब अपहरण की झूठी पटकथा रचने वालों पर एफ आई आर दर्ज की जा रही है. विदित हो कि बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी में 23 सितम्बर को विष्णु पटैल 47 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनौदा बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भतीजा राजकुमार पटैल ने मोबाइल से बताया था कि वह घर वापस आ रहा था, जैसे ही वह ग्राम बारहा से बघराज मंदिर के बीच में पहुंचा तो उसे एक 4 पहिया वाहन वाले ने रोककर कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गया, जब उसे होश आया तो पता नहीं था कहां पर है, तभी दूसरे ने भतीजे राजकुमार पटेल से मोबाइल छुड़ाकर उससे 4 लाख रूपये की मांग करते हुये कहने लगा 4 लाख रूपये दे दो. फिर उसने अपने दूसरे भतीजे आशीष पटेल को फोन लगाया और पूछा तुमने राजकुमार को कहां तक छोड़ा था जिसने एकता मार्केट के पुल तक छोड़ना बताया था.

# नाराज आशा-ऊषा कार्यकर्ता धरने पर बैठीं

## बोलीं- रात में डिलेवरी, सुबह सर्वेक्षण का दबाव, हमारा क्या परिवार नहीं

**गुना, 17 नवंबर. आशा ऊषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को जिले में आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल कर शास्त्री पार्क, जिला अस्पताल के सामने धरना दिया.**

हड़ताल का मुख्य कारण प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होना, एसआईआर सर्वेक्षण में जबरन कार्य कराने का दबाव और कई महीनों से बकाया वेतन भुगतान है, जिससे प्रदेशभर की आशा कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया है. जिलाध्यक्ष मिथलेश गोस्वामी ने बताया कि बीएलओ और पंचायत




सचिवों द्वारा आशा कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है कि यदि वे एसआईआर सर्वेक्षण नहीं करेंगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि आशाओं को रात में प्रसूताओं की डिलेवरी करानी पड़ती है और सुबह उन्हें सर्वेक्षण के लिए भेज दिया जाता है, जो अनुचित और अमानवीय है, क्या उनका परिवार नहींड़ बढ़ते कार्यभार और भुगतान न मिलने से प्रदेश की आशा-ऊषा कार्यकर्ता गंभीर आर्थिक संकट में हैं. मोर्चा ने बताया कि प्रदेशभर में कई जिलों में तीन-तीन महीनों से वेतन और प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है.

# बंद पड़ी कास्ट खदानों में कोल माफियाओं का दबदबा

- मजदूरों से करवाया जा रहा जानलेवा अवैध उत्खनन

**छिंदवाड़ा, 17 नवम्बर. पेंच व कन्हान क्षेत्र की बंद पड़ी ओपन कास्ट खदानें इन दिनों कोल माफियाओं की गतिविधियों का केंद्र बन गई हैं.**

चंद रुपयों के लालच में स्थानीय मजदूरों को रात के अंधेरे में गहरे और असुरक्षित गड्ढों में उतारा जा रहा है, जहां बड़े पैमाने पर अवैध कोयला उत्खनन चल रहा है. प्रशासनिक सख्ती की कमी और निगरानी तंत्र की कमजोरियों ने इस धंधे को इतना बढ़ावा दिया है कि पिछले वर्षों में इन खदानों में एक दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है. हादसों के बाद औपचारिक



कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन माफिया कुछ दिनों बाद फिर से उसी तरह उत्खनन शुरू कर देते हैं. ताजा मामला इकलेहरा की बंद ओपन कास्ट खदान का है, जहां बीते दिनों अवैध उत्खनन के दौरान छानी धसकने से चार मजदूर मलबे में दबकर घायल हो गए. चारों को जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में घायलों ने कुछ स्थानीय कोल माफियाओं के नाम बताए हैं. इन आधारों पर पुलिस ने कई संदिग्धों की पहचान कर ली है और जल्द ही उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है.

अवैध उत्खनन का सबसे सक्रि नेटवर्क इकलेहरा, रावनवाड़ा, शिवपुरी, पेंच ईस्ट और कन्हान क्षेत्र की मोहन कालरी तक फैला है. देर रात इन खदानों के पास अज्ञात वाहनों की आवाजाही आम हो चुकी है. बताया जाता है कि कोयले को पहले छोटे वाहनों में भरकर जंगल के रास्तों से बाहर निकाला जाता है, ताकि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके. जानकारी यह भी सामने आई है कि इकलेहरा और मोआरी की बंद खदानों में इकलेहरा-अंबाड़ा-जुन्नरदेव का एक संगठित सिंडीकेट सक्रिय है. यह नेटवर्क हिंगलाज-उमरेठ मार्ग का उपयोग कर कोयले को ईंट भट्ठों तक पहुंचाता है.

# संभागायुक्त ने बुरहानपुर के जिला शिक्षा अधिकारी को किया निलंबित

- दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का आरोप

इंदौर. शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा दिये गये निर्देशों की अवहेलना करने पर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बुरहानपुर के जिला शिक्षा अधिकारी श्री संतोष सिंह सोलंकी को निलंबित कर दिया है. उक्त कार्रवाई कलेक्टर बुरहानपुर से प्राप्त प्रतिवेदन तथा सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का समयसीमा में निराकरण नहीं करने तथा सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर की गई है.

श्री सोलंकी को लंबित सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का समयसीमा में निराकरण नहीं करने, जन आकांक्षा के प्रकरणों पर कार्रवाई नहीं करने, धरबी आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में कार्रवाई नहीं करने सहित कई अन्य प्रकरणों के संबंध में तथा अपने कार्यप्रणाली में सुधार करने हेतु कई बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गये, किंतु इनके द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही इनमें कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ. श्री सोलंकी को पूर्व में भी तत्कालीन कलेक्टर द्वारा भी कार्यप्रणाली में सुधार हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था. इनके द्वारा बार-बार सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन नहीं करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण इनके विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बुरहानपुर नियत किया गया है.

**कार्यक्रम** | भारतीय जनता पार्टी का बीएलए-2 प्रशिक्षण आयोजित

# एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती के लिए सराहनीय कदम

**सीधी 17 नवम्बर. विधानसभा स्तरीय बीएलए 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीधी विधायक रीती पाठक ने कहा कि यह प्रशिक्षण लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.**

जिसमें प्रत्येक मतदाता के नाम की शुद्धता और सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है. आप जिस बूथ पर अपना वोट डालते हैं वहां नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर आपसे संपर्क करेगा, यदि नहीं करता है तो भाजपा कार्यकर्ता बीएलए-2 के माध्यम से अपना फार्म भरकर




जमा कर सकते हैं. कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रत्येक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता विशेष रूप से बीएलए प्रत्येक तय किए गए बीएलओ से संपर्क करके शुद्ध और प्रामाणिक मतदाता सूची तैयार करवाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें. जिससे योग्य और निर्धारित मापदंड को पूर्ण करने वाला कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से ना चुके.

भाजपा के वरिष्ठ नेता और एसआईआर प्रक्रिया के जिला संयोजक डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि मतदाता शुद्धिकरण की प्रक्रिया 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगी. इस दौरान बूथ लेवल ऑफिसर अर्थात बीएलओ घर-घर जा रहे हैं. वह कम से कम तीन बार आपके घर जाएंगे. उन्हें आपको सहयोग करते हुए दिए गए फार्मो को अच्छे से भरकर जमा करना है. 9 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा. उसके पश्चात दावा आपत्ति व अन्य प्रक्रियाएं होगी. 6 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा. डॉ.त्रिपाठी ने कहा की टोली बनाकर घर-घर जाकर बीएलओ के सहयोग से प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम जुड़वाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें. अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि सरकारी कर्मचारी बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर एसआईआर क्रिया के अंतर्गत नवीन वोटर लिस्ट तैयार कर रहे हैं. इस वोटर लिस्ट में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इस कार्य में सहयोग करें. श्री चौहान ने जिले के प्रत्येक मतदाता से अपील की है कि वह मतदाता सूची शुद्धिकरण में अनिवार्य रूप से भाग ले.

# असक्षम लोगों को 1 हजार हेलमेट होंगे वितरित

- पुलिस अधीक्षक सोमवंशी की शानदार पहल

विनय असाटी

**दमोह, 17 नवंबर. लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने व लोगों को जागरूक करने के लिए गृह विभाग के द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम और हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है.**

इसी तारतम्य में मप्र के डीजीपी कैलाश मकवाणा, सागर आईजी डॉक्टर हिमानी खन्ना, डीआईजी शशींद्र चौहान के निर्देशन में व दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में जिले भर में यातायात थाना प्रभारी सहित जिले भर के थाना प्रभारी अपने-




अपने क्षेत्र में वाहन चलाने वाले लोगों से हेलमेट पहनने की अपील के साथ असक्षम लोगों को हेलमेट देकर उनकी सुरक्षा के लिए प्रेरित करेगी.इसी को लेकर सोमवार को एसबीआई किल्लाई नाका के मैनेजर आशीष रावत और उनके अधिकारियों ने दमोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर 50 हेलमेट, एनएचआई ने 10 हेलमेट, एमपीआरडीसी ने 25, ट्रांसपोर्ट मोनू गुप्ता ने दमोह पुलिस अधीक्षक श्री श्रुत कीर्ति सोमवंशी, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को को सुपुर्द किए हैं.बता दें कि पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी जी पार्जीटिव मंशा यह है कि अभी तक जहां-जहां जिस थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई हैं, वहां पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी स्टाफ के साथ चेकिंग लगाकर जो हेलमेट लेने के लिए सक्षम नहीं है.